DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS--- THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
TUESDAY, MARCH 17, 2026 --DATED--

# Agency to manage cultural & wellness events at DDA parks

Vibha.Sharma
@timesofindia.com

**New Delhi:** To ulitise recreational spaces for events that promote cultural engagement, health and wellness while generating sustainable revenue, Delhi Development Authority (DDA) plans to engage an exclusive event aggregator for selected parks and public spaces for curated public programming.

Under the proposal, DDA will appoint an agency responsible for conceptualising, curating, managing and executing a year-round calendar of events across designated venues, officials said.

"While DDA is exploring avenues for revenue generation, it is also ensuring that its facilities are not misused. Events will be organised in a planned manner at selected venues, ensuring safety and security, so that visitors are not inconvenienced, and the character of recreational spaces is maintained," an official said.

The event aggregator will design a programme centred on two key themes—art and culture, and health and wellness. Permission will be granted to host a minimum of 16 events annually, with the number extendable for up to 24 events on a pro-rata licence fee basis. Most programmes are expected to be scheduled between Sept and April.

"While retaining creative independence and aligning with DDA's vision of culture and heritage preservation, the aggregator will be encouraged to design events around themes such as music, dance, theatre, literature, crafts, culinary heritage, yoga, fitness, sports, mindfulness and communi : wellbeing," the authority stated in the request for proposal (RFP) issued recently.

However, certain activities — including political rallies, processions, campaign events, product launches, weddings and fireworks displays, motor rallies, drone shows (without approval), or mechanised activities that risk public safety or damage park infrastructure — will be strictly prohibited under the policy.

Entry may be ticketed, and the aggregator may adopt mixed revenue models combining ticketed and sponsored programmes.

The event organiser will be allowed to use only the booked spaces, and additional areas can be utilised with prior approval from DDA. The authority will not be held liable if an event cannot take place due to non-production of licences, lack of statutory approvals, or unforeseen circumstances such as fire, strike, earthquake or flood, officials said.

Installation of tents or use of open areas will also require prior approval. In case of misuse of the space, the organiser will be liable for action as decided by DDA.

The organiser will be responsible for proper disposal of rubbish and maintaining the premises as tobacco-free and spit-free zones. Any instance of spitting by organisers, vendors, employees or guests will attract a fine of Rs 500 per incident, besides possible action under the Prevention of Damage to Public Property Act, 1984.

Branding at venues will be permitted only at designated spaces and after consultation with DDA. The organiser will be required to submit a security and crowd management plan before each event.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS- Hindustan Times | NEW DELHI SATURDAY MARCH 21, 2026

# DDA PLANS TO USE TREATED WATER FOR IRRIGATION OF GREEN SPACES

Snehil Sinha
htreporters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** The Delhi Development Authority (DDA) has initiated a city-wide plan to irrigate parks and green spaces using treated wastewater instead of fresh groundwater, inviting bids to appoint a consultant for the project, officials said.

According to the request for proposal (RFP) issued on Wednesday, the consultant will be tasked with preparing a comprehensive management plan and a feasible network design to supply treated water to parks and green spaces under DDA's jurisdiction across the Capital.

"The proposal comes after initial discussions to reduce dependence on groundwater for horticulture purposes. The project is now moving into the implementation stage, beginning with the appointment of a consultant who will prepare a detailed project report (DPR), assess water demand across parks, and design an integrated supply network based on distance from the nearest sewage treatment plant (STP)," an official said.

As per the RFP, the consultant will map existing water demand and the availability of treated water, design pipelines and associated infrastructure, and prepare plans for capturing raw sewage and treating it through STPs for reuse. The plan will also include measures to minimise water losses and improve irrigation efficiency at the park level.

The consultancy assignment has a timeline of 210 days for preparation of the plan and DPR, following which the project will move towards execution. Officials indicated that the implementation phase, which includes the construction of infrastructure and integration with existing systems, is expected to take approximately a year.

"The project is expected to involve significant capital investment in pipeline networks, pumping systems, and STPs, though the exact cost will be determined after the DPR is prepared," the official added.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS- हिन्दुस्तान नई दिल्ली शनिवार 21 मार्च 2026 -DATED-

## पीएम-उदय योजना को लेकर कल कैंप लगेंगे

दिल्ली विकास प्राधिकरण पीएम-उदय योजना के तहत रविवार को विभिन्न स्थानों पर सिंगल विंडो कैंप लगाएगा। फेज-2 के इन कैंपों में नए पंजीकरण, आवेदन भरने और जरूरी दस्तावेज तैयार करने में सहायता दी जाएगी। http://dda.gov.in/ पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

हिन्दुस्तान
नई दिल्ली, रविवार, 22 मार्च 2026

## पीएम-उदय योजना को लेकर कल कैंप लगेंगे

दिल्ली विकास प्राधिकरण पीएम-उदय योजना के तहत रविवार को विभिन्न स्थानों पर सिंगल विंडो कैंप लगाएगा। फेज-2 के इन कैंपों में नए पंजीकरण, आवेदन भरने और जरूरी दस्तावेज तैयार करने में सहायता दी जाएगी। http://dda.gov.in/ पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS------ हिन्दुस्तान नई दिल्ली, सोमवार, 23 मार्च 2026 --------DATED----------------------

## पीएम उदय योजना कैंप में निपटे मामले

नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण की ओर से आयोजित पीएम उदय (प्रधानमंत्री–अनधिकृत कालोनियों में आवास अधिकार योजना) को लेकर रविवार को कई स्थानों पर कैंप लगाए गए। अधिकारियों ने बताया कि यह सिंगल विंडो कैंप फेज–2 के तहत लगाए गए। इसमें योजना को लेकर लोगों को सहायता प्रदान करने के साथ ही कई मामलों का निपटारा भी किया गया।

## डीडीए के पुस्तकालय में छात्र पंजीकरण करें

डीडीए के आरंभ पुस्तकालय में छात्र पंजीकरण कर सकते हैं। इसमें छात्रों को शिफ्ट के अनुसार किताबों को पढ़ने और प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए अवसर मिलेगा। डीडीए वेबसाइट dda.gov.in में जाकर आवेदन कर सकते हैं।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS------ अमर उजाला नई दिल्ली | रविवार | 22 मार्च 2026 ------DATED------

# दिल्ली के पार्कों और हरे-भरे क्षेत्र में ट्रीटेड पानी से होगी सिंचाई

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में जल संकट और घटती हरियाली के बीच दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) पेयजल की बर्बादी रोकने के लिए पार्कों और हरित क्षेत्रों की सिंचाई ट्रीटेड वॉटर (शोधित गंदा पानी) से करेगा। इससे पर्यावरण संरक्षण और जल प्रबंधन को मजबूती मिलेगी। इसके लिए विभाग ने प्रस्ताव भी आमंत्रित किए हैं।

डीडीए के हॉर्टिकल्चर विभाग के अंतर्गत आने वाले 700 से अधिक पार्क इस योजना के दायरे में लाए जाएंगे। दिल्ली में हर साल गर्मियों में पानी की कमी के कारण कई पार्क सूख जाते हैं और पेड़-पौधे मुरझा जाते हैं। इससे धूल और प्रदूषण का स्तर बढ़ता है। नई व्यवस्था लागू होने के

सांकेतिक



बाद पार्कों में हरियाली बनी रहेगी, जिससे वायु गुणवत्ता में सुधार होगा और लोगों को बेहतर वातावरण मिलेगा। इस काम के लिए अनुभवी सलाहकार (कंसल्टेंट) की नियुक्ति की जाएगी, जो ट्रीटेड पानी की आपूर्ति के लिए विस्तृत प्रबंधन योजना और पाइपलाइन नेटवर्क डिजाइन तैयार करेंगे। चयनित एजेंसी के पास कम से कम 200 करोड़ रुपये लागत वाले तीन बड़े जल प्रबंधन प्रोजेक्ट का अनुभव अनिवार्य होगा। एजेंसी को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करनी होगी।

## पेयजल संकट से राहत मिलने की उम्मीद

अभी तक पार्कों की सिंचाई में बड़ी मात्रा में पेयजल खर्च होता है, जिससे गर्मियों में पानी का संकट और गहराता है। ट्रीटेड पानी के उपयोग से यह बोझ कम होगा और घरों के लिए अधिक पानी उपलब्ध हो सकेगा।

## यमुना के जल प्रदूषण में भी आएगी कमी

व्यवस्था के तहत सीवेज के पुनः उपयोग से यमुना नदी पर पड़ने वाला दबाव भी कम होगा। गंदे पानी को सीधे नदी में छोड़ने के बजाय उसका उपचार कर उपयोग में लाया जाएगा, जिससे जल प्रदूषण में कमी आएगी। इसके लिए 210 दिनों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यान्वयन के दौरान कार्य की निगरानी भी अनिवार्य होगी।

# आज लगेंगे पीएम-उदय योजना के सिंगल विंडो कैंप

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। पीएम-उदय योजना के तहत दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा सिंगल विंडो कैंप फेज-2 का आयोजन रविवार को होगा। इनमें एक ही जगह अनधिकृत कॉलोनियों के निवासियों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध मिलेंगी।

डीडीए के अनुसार, यह कैंप दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में कुल 10 स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे। इनमें पीतमपुरा, द्वारका, मुनिरका, लक्ष्मी नगर, रोहिणी, पश्चिम विहार, मुखरबा चौक, शकरपुर, जनकपुरी और सरिता विहार जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। इनमें नागरिकों को कई महत्वपूर्ण सेवाएं एक ही जगह पर उपलब्ध

## 10 स्थानों पर लगाए जाएंगे कैंप, नागरिकों को ऑन-द-स्पॉट मिलेगी विभिन्न सेवाएं

कराई जाएंगी। जिन आवेदनों में कमियां रह गई हैं, उन्हें दूर करने में भी विशेष सहायता प्रदान की जाएगी।

इसके अलावा नए पंजीकरण और जीआईएस सर्वेक्षण से संबंधित कार्यों में भी मदद मिलेगी। पंजीकृत लेकिन लंबित आवेदनों को पूरा करने के लिए अधिकारियों की तैनाती की जाएगी, ताकि प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाया जा सके। आवेदकों को आवश्यक दस्तावेज जैसे आईडी, बॉन्ड और नोटरीकरण से जुड़े कार्यों में भी मार्गदर्शन दिया जाएगा।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---- हिन्दुस्तान नई दिल्ली, मंगलवार, 24 मार्च 2026 ----DATED----

# किफायती आवास देने पर जोर

नई दिल्ली। दिल्ली में किफायती दामों पर आवास को नागरिकों को उपलब्ध कराने पर जोर देते हुए कई तरह की आवास योजनाओं को शुरू किया गया है। डीडीए की तरफ से जहां झुग्गी वहीं मकान योजना के तहत कई फ्लैटों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। केंद्र द्वारा स्वीकृत विभिन्न आवास परियोजनाओं के तहत 2750.91 करोड़ की लागत 52,584 फ्लैटों का निर्माण कार्य किया जाएगा।